# भारत डायनामिक्स लिमिटेड

**(भारत सरकार का उद्यम, रक्षा मंत्रालय)**

**निगम कार्यालय, गच्चीबाउली – हैदराबाद**

बीडीएल/104/बीडी-नि.वा./एम आर/ 04 दिनांक : 20 जुलाई, 2021

**प्रेस विज्ञप्ति**

**बीडीएल में सतह से हवा में मार करने वाली मध्यम दूरी की मिसाइल का फ्लैग ऑफ किया गया।**




भारतीय वायु सेना को सुपुर्दगी करने के लिए आज हैदराबाद के बीडीएल, कंचनबाग में श्री एम एस आर प्रसाद, महानिदेशक (मिसाइल और सामरिक प्रणाली) द्वारा एमआर सैम मिसाइल की पहली इकाई की पहली मिसाइल के लिए झंडी दिखाई गयीं। इस अवसर पर श्री बीएचवीएस नारायण मूर्ती, निदेशक, रिसर्च सेंटर इमारत (आरसीआई), बीडीएल के सी एम डी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) डीआरडीओ और बीडीएल से वरिष्ट अधिकारीगण उपस्थित रहें।

2. श्री एमएसआर प्रसाद, विशिष्ट वैज्ञानिक और महानिदेशक (मिसाइल और सामरिक प्रणाली) जो बीडीएल के निदेशक मंडल में सरकारी नामित निदेशक के रूप में कार्यरत है, इस माह अधिवर्षिता प्रात्प कर सेवानिवृत्त होने जा रहे हैं. इस अवसर पर इनके कार्यकाल के दौरान कंपनी के विकास में इनके महत्वपूर्ण योगदान को ध्यान में रखते हुए बीडीएल द्वारा सम्मान किया गया। इस अवसर पर बात करते हुए महानिदेशक (मिसाइल और सामरिक प्रणाली) द्वारा बीडीएल निदेशक मंडल के निदेशक के रूप में प्रदत्त सेवाएँ और कंपनी के योजनाबद्ध उद्देशों को प्राप्त करने में दिए गए मार्गनिर्देशन के लिए सीएमडी बीडीएल ने अपना आभार व्यक्त किया।

3. बीडीएल के सीएमडी कमोडोर सिद्धार्थ मिश्र (से.नि.) ने कहा कि अस्त्र प्रणाली के संयुक्त विकास के सर्वोत्तम उदाहरणों में से एम आर सैम एक है। बीडीएल, इससे पहले ही नौ सेना का आदेश पूरा किया और थलसेना तथा वायु सेना दोनों का कार्यक्रम साथ-साथ चल रहा है।

4. यह मिसाइल उच्च प्रतिक्रिया, त्वरित प्रतिक्रिया, सीधे लॉच की जाने वाली सुपरसोनिक मिसाइल है, जिसे दुशमन से होने वाली हवाई खतरे अर्थात मिसाइल, वायुयान, संचलित बम, हेलिकॉप्टर को बेअसर करने के लिए विनिर्माण किया गया है। इसका उपयोग भारतीय थल सेना, वायु सेना और नौसेना द्वारा विभिन्न रूपों में प्रयोग किया जाता है। इसकी मारक क्षमता 70 कि.मी.तक है।

5. यह मिसाइल प्रणाली लड़ाकू विमान, सबसोनिक और सूपरसोनिक क्रूज मिसाइलों सहित विभिन्न हवाई लक्ष्यों के खिलाफ रक्षा प्रदान कर सकती है। यह टर्मिनल चरण में आवश्यक गतिशीलता प्रदान करने के लिए स्वदेशी रूप से विकसित दोहरी –पल्स रॉकेट मोटर और दोहरी नियंत्रण प्रणाली द्वारा संचलित है। इस अत्याधुनिक हथियार प्रणाली का अभिकल्पन सक्रिय रेडियो फ्रीक्वेंसी के साथ किया गया जो उच्च मारक क्षमता के साथ लक्ष्य की पहचान, ट्रैक और नष्ट कर देती है।

6. बीडीएल, आज भारतीय सशस्त्र सेनाओं के लिए संचलित प्रक्षेपास्त्र, अंतर्जलास्त्र, वायुवाहित उत्पाद और संबद्ध रक्षा उपकरण तैयार कर आपूर्ति कर रही है। उत्पाद के कार्यकाल दौरान सहयोग प्रदान करने की अपनी उद्देशिका के क्रम में बीडीएल सशस्त्र सेना को पुनर्सज्जीकरण / विंटेज मिसाइलों के कार्यकाल विस्तार एवं अप्रचलन प्रबंधन में सहयोग दे रही है।

7.बीडीएल, मित्र देशों को आकाश मिसाइलों के अलावा हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइल, टैंकरोधी संचलित प्रक्षेपास्त्र, अंतर्जलास्त्र और प्रतिमारक अवसर्जन प्रणाली का प्रस्ताव रखते हुए बनाकर देने अंतरराष्ट्रीय बाज़ार में अपने कदम को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रयासरत है।

***